दिनांक : 16 .11.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आदिवासी गौरव हज़ारों वर्षों से भारत की चेतना का अभिन्न अंग
2- जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश में पांच सौ करोड़ से ज्यादा लागत के सौ से ज्यादा कार्यों का लोकार्पण
3- अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 23 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक इंदौर में होगा
4- प्रदेश में सर्दी का दौर जारी, कई जिलो में तापमान में गिरावट।

प्रधानमंत्री - गौरव दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आदिवासी गौरव हज़ारों वर्षों से भारत की चेतना का अभिन्न अंग रहा है। आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कल प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री गोविंद गुरु पीठ जनजातीय भाषा संवर्धन केंद्र की भी स्थापना की गई है जहाँ सभी जनजातियों की बोलियों पर अध्ययन किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनसे जुड़ी कहानियों और गीतों को भी इस केंद्र में संरक्षित किया जाएगा।

उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गुजरात के आदिवासी बहुल नर्मदा ज़िले के डेडियापाड़ा कस्बे में 9,700 करोड़ रुपये से ज़्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएँ बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विरासत पर केंद्रित हैं, जिनमें आदिवासी सशक्तिकरण पर विशेष ज़ोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री- भगवान बिरसा मुंडा

स्वाभिमान और स्वराज के प्रतीक, जनजातीय अस्मिता के संरक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कल जनजातीय गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पांच सौ करोड़ से ज्यादा लागत के सौ से ज्यादा कार्यों का लोकार्पण किया गया है। जनजातीय कल्याण के लिए आलीराजपुर को

250 करोड़ रूपए की लागत से 156 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। जनजातीय भाई-बहनों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के 156 कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आलीराजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रदेश में भी जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ किया। इस समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात से वर्चुअली संबोधित किया।

ट्रम्प - खाद्य आयात

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने खाद्य आयात शुल्क में कटौती की है। इस निर्णय से भारत के आम, अनार और चाय निर्यात को लाभ होने की संभावना है। इसके अंतर्गत अन्य वस्तुओं में कॉफ़ी और चाय, कोको, संतरे, टमाटर और बीफ़ शामिल हैं। श्री ट्रम्प ने पहले भारत से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया था। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, ट्रम्प ने पहले जेनेरिक दवाओं को शुल्क मुक्त कर दिया था, जिससे भारत को लाभ हुआ। भारत अमरीका में 47 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है।

शिवराज सिंह

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बाइट ने कहा है कि खेत तालाब योजना को भी मनरेगा के तहत लाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कल विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के सिलवानी विधानसभा के ग्राम नारायणपुर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थिजनों को संबोधित किया।

उन्होने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा त्याग, संघर्ष और सम्मान की अमर प्रेरणा हैं। हमने तय किया है कि नारायणपुर गाँव में बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा स्थापित करेंगे। इस विशेष अवसर पर करोड़ों रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कल आकाशवाणी के 67वें

संगीत सम्मेलन में कहा कि आकाशवाणी ने सिर्फ संगीत का प्रसारण किया, बल्कि भारतीय संगीत के हर स्वर को पीढ़ियों तक सुरक्षित रखा है। श्रीमती गौर ने कहा कि हमारे घर का रेडियो केवल एक यंत्र नहीं बल्कि घर का सदस्य हुआ करता था। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आकाशवाणी के संगीत सम्मेलन में संगीत, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का भव्य संगम देखने मिल रहा है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि इस वर्ष आकाशवाणी का 67वाँ संगीत सम्मेलन देश के 24 केंद्रों में एक साथ प्रसारित किया जा रहा है, जो भारतीय संगीत की विविधता और एकता का अद्भुत उदाहरण है।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात कलाकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में वायलिन वादक पं. संतोष नाहर, तबला वादक उस्ताद सलीम अल्लाहवाले और ग़ज़ल गायक दीपाली वत्तल की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्वास्थ्य शिविर

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर कल समस्त जिलों के आयुशमान आरोग्य मंदिरों, दूरस्थ मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से तथा कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सिकल सेल एनीमिया की जाँच, जागरूकता एवं परामर्श दिया गया। साथ ही आवशयक जाँच भी की गईं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जबलपुर में किया गया।

अग्निवीर रैली

सेना भर्ती कार्यालय महू द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 23 नवम्बर से 05 दिसम्बर  तक इंदौर में किया जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर भर्ती रैली में इंदौर और उज्जैन संभाग के कुल 15 जिले — इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच, रतलाम, आगर मालवा और शाजापुर शामिल है।

कूनो फॉरेस्ट

श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क के सुरम्य वातावरण में 14 नवंबर को "कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट" के द्वितीय संस्करण का भव्य आगाज़ हुआ। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित "कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट" का उद्देश्य पर्यटन, वन्यजीव और संस्कृति का एक ऐसा अनूठा संगम प्रस्तुत करना है, जो पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय हो।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के भोपाल, इंदौर, शहडोल, रीवा और जबलपुर संभाग में सुबह-शाम सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, शहडोल, रीवा, ग्वालियर और जबलपुर संभागों के जिलों में आज ठंड का ज्यादा असर रहेगा।

पौध-रोपण अभियान

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को वर्ष 2026 में किये जाने वाले व्यापक पौध-रोपण अभियान की तैयारी और इससे जुड़ी कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों से कार्य-योजना दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने के लिये भी कहा है। प्रदेश में वर्ष 2025 में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों द्वारा करीब 36 लाख पौधों का रोपण किया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- शिवपुरी जिले में ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी प्रद्युम्ना सिंह तोमर ने कल जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह में 95 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।
2- आगरमालवा जिले में आज अन्तर्राष्ट्रीय सहविष्णुता दिवस पर कॉलेज, स्कूली विद्यार्थियों के साथ चर्चा, जागरूकता रैली, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
3- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में कल “हेरिटेज गार्डन” का उद्घाटन किया गया।
4- निवाड़ी जिले में विवाह पंचमी के अवसर पर 24 नवंबर से 26 नवंबर तक प्रतिदिन विशेष आयोजन होंगे। ओरछा धाम में श्री रामराजा सरकार जू की बारात हर्षोल्लास से निकलेगी

-------